## खबर संक्षेप

### खांडसिवनी में जल गंगा संवर्धन अभिमान का हुआ समापन

**सौंसर।** शुक्रवार को खांडसिवनी सेक्टर में जल गंगा सवर्धन अभियान का समापन समारोह किया गया। प्रमुख रूप से ग्रामरमेश परतेती,सुरेभान कुमरे,जनपद पंचायत अधिकारी उपयंत्री सुरेश लुटे, बालकराम डोंगरे,पी सी ओ छत्रपती कुचलाते,पीसीओ मोहन पराडकर, सचिव धर्मेन्द्र चौरे, देवराव सातनकर सचिव पंधरारखेडी अनिल चौरे,सतिश भास्कर, अनिल देशमुख,किसन बारमासे,अशोक ठोके,शेषराव चौधरी,शिवराम धुर्वे सहायक सचिव मर्राम, एवम सचिप राधेश्यामजी इखनाती के डारा शासन को कल्याण कारी योजनाओ के साथ साथ जलगंगा सवर्थन अभियान से आम नागरीक को तवम ग्रामीणो को होने वाले लाभ के संबंधमे जानकारी दी गई है।आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए जनपद पंचायत के उपयंत्री सुरेश लूटे ने बताया की जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत में हुए कार्य एवं इससे होने वाले लाभ के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी दी गई साथ ही ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक कैसे लाभ प्राप्त किया जा सकता है इस विषय में भी सचिवों के द्वारा जानकारी देते हुए अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ लेने की अपील की गई है।

### 2 मरीजों का होगा बेहतर ईलाज

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से ईलाज कराने में असमर्थ लोगों को मदद दिलाने का सिलसिला लगातार जारी है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीज एवं उनके परिजन लगातार सांसद श्री साहू से संपर्क कर आर्थिक सहायता की अर्जी लगा रहे है। सांसद श्री साहू सभी आवेदनों पर गंभीरता से विचार कर उन्हें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सहयोग से स्वेच्छानुदान मद से सहायता भी उपलब्ध करा रहे है। इसी के तहत सांसद श्री साहू के प्रयासों से 2 मरीजों को 60 हजार की आर्थिक सहायता प्राप्त हुई है। इसी सिलसिले में विगत दिनों मरीजों एवं उनके परिजनों ने सांसद श्री साहू से मुलाकात करते हुए अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देकर गंभीर रूप से बीमार मरीजों का ईलाज कराने में असमर्थता जताते हुए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की थी।

### बालक छात्रावास निर्माण की आड़ में काटे जा रहे हैं हरे-भरे पेड़

# ठेकेदार ने दोबारा बिना अनुमति पेड़ काटकर एक पेड़ मां के नाम अभियान को दी चुनौती





हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया, बाबा ठाकुर

पौधारोपण के लिए पूरे देश में प्रधानमंत्री की पहल पर एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जा रहा है। इसका मूल उद्देश्य है विशेषज्ञों के अनुसार भारत में शुद्ध वायु एवं वातावरण के लिए 5 करोड़ पौधे लगाय जाने की आवश्यकता है, लेकिन तामिया में पौधारोपण के वजाय जैसे पेड़ काटो अभियान चल रहा है। इसमें सबसे ज्यादा पेड़ शिक्षा विभाग के संरक्षण में काटे जा रहे हैं। ऐसा ही एक प्रत्यक्ष उदाहरण देखने मिल रहा है। नवीन बालक छात्रावास निर्माण के अंतर्गत ठेकेदार मनमाने तरीके से बिना अनुमति बरसों पुराने हरे भरे पेड़ काट रहा है। ठेकेदार ने नींव खुदाई के दौरान बिना अनुमति नीलगिरि के पेड़ काटकर छात्रावास निर्माण में कालम खड़े कर डाले, यह सब संबंधित विभाग संरक्षण में ठेकेदार पेड काट रहा है।

ठेकेदार की मनमानी साफ देखने मिल रही हैं जबकि निर्माण कार्य के जब सारे कालम खड़े हो चुके हैं। बावजूद उसके ठेकेदार ने अनावश्यक रूप से शौकिया तौर पर दो नीलगिरी के पेड़ काट डाले काटे जाने में उसकी निर्भयता भी देखने मिली। पेड़ काटकर निर्माण कार्य स्थल पर ही पटक रखे हैं। ऐसा लगता है कि ठेकेदार को ना तो एक पेड़ मां के नाम अभियान की चिंता है और ना ही विभाग के अधिकारियों का भय। इस तरह तामिया में बन रहे बालक छात्रावास निर्माण में एक पेड़ मां के नामअभियान एवं वृक्षारोपण को धता बतलाकर ठेकेदार पर्यावरण जैसे मामले में भी मनमानी कर रहा है, वहीं सबसे हैरत करने वाली बात है कि अभी पिछले दिनों सिकल सेल कार्यक्रम के दौरान सांसद तामिया में थे। उन्होंने मोक्षधाम परिसर में पौधारोपण किया इससे समझा जा सकता है। पेड़ कितने कीमती और इनको लगाना कितना जरूरी है लेकिन ठेकेदार पेड़ों एवं पौधारोपण के महत्व को हरे भरे पेड़ काटकर शासन प्रशासन को चुनौती ही पेश कर रहा है।

नवीन बालक छात्रावास निर्माण में काटे गए पेड़ यही साबित करते हैं वहीं इस निर्माण स्थल पर पेड़ काटे जाने के लिए यहां के उपयंत्री सहायक यंत्री भी पेड़ काटे जाने के मामले में कम दोषी नहीं है, उन पर भी पेड़ काटे जाने की एफ आई आर कम से कम ठेकेदार के साथ होनी चाहिए जिससे बिना अनुमति भविष्य में पेड़ काटकर पर्यावरण को हानि पहुंचाने का प्रयास दोबारा ना हो सके।

### एसबीआई के 70वें स्थापना दिवस पर 50 यूनिट हुआ रक्तदान

**छिंदवाड़ा।** रक्तदान महादान को चरितार्थ करते हुए शुक्रवार को भारतीय स्टेट बैंक मुख्य ब्रांच छिंदवाड़ा में मुख्य शाखा का 70वा स्थापना दिवस पर मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 50 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया रक्तदान शिविर में जिला रेडक्रास सोसायटी एवम ब्लड बैंक का सक्रिय सहयोग रहा।

इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक श्री संजय श्रीवास्तव ,मुख्य प्रबंधक छिंदवाड़ा शाखा श्रीमती प्रीति चौरसिया,मानव संसाधन प्रबंधक श्री पवन कुमार साह, सहित रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन श्री जे पी सिंह,सचिव डाक्टर एस ए ब्राउन ,कोषाध्यक्ष विनीत त्रिवेदी, कार्यकारणी मेंबर्स एवम इनकमिंग रोटरी क्लब प्रेसिडेंट श्री विनोद तिवारी सहित ब्लड बैंक के श्री अविकांत बेले सहित ब्लड बैंक का स्टाप उपस्थित था।

### अगवा 4 साल की मासूम छिंदवाड़ा से बरामद

# अपहरण करने वाले आरोपी को महाराष्ट्र पुलिस को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

महाराष्ट्र के ठाणे जिले से अगवा की गई 4 वर्षीय मासूम बच्ची को छिंदवाड़ा जिले के उमरेठ क्षेत्र से महज़ 24 घंटे में बरामद कर लिया गया। पुलिस की तत्परता से बच्ची पूरी तरह सुरक्षित मिली, वहीं आरोपी युवक को भी हिरासत में लिया गया।मामला ठाणे जिले के बदलापुर थाना क्षेत्र का है, जहां अपराध क्रमांक 250/25 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) BNS में अपहरण का प्रकरण दर्ज किया गया था।जांच के दौरान पता चला कि उमरेठ थाना अंतर्गत मोरडोंगरी गांव निवासी बिशनलाल धुर्वे (25 वर्ष) बच्ची को अपने साथ छिंदवाड़ा ले आया था। सूचना मिलते ही महाराष्ट्र पुलिस ने मध्यप्रदेश पुलिस से संपर्क साधा और संयुक्त कार्रवाई में आरोपी और बच्ची को खोज निकाला गया। बदलापुर पुलिस की टीम ने आरोपी को पकड़कर बच्ची समेत महाराष्ट्र ले जाया, जहां बच्ची की मेडिकल जांच कराई गई। प्राथमिक रिपोर्ट के अनुसार बच्ची के साथ कोई आपत्तिजनक कृत्य नहीं हुआ है।छिंदवाड़ा पुलिस और महाराष्ट्र पुलिस की सतर्कता और समन्वय से यह कार्रवाई तेजी से पूरी की गई।



# मटन, मछली मार्केट बारिश के मौसम में कीचड़ में तब्दील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ



न.पा. दमुआ द्वारा मटन मछली चिकन मार्केट विस्थापन जरूर किया गया परन्तु न.पा.प दमुआ द्वारा उक्त मार्केट में सुविधा का ध्यान नही दिया जा रहा है। वैसे भी बारिश का मौसम प्रारम्भ हो गया है। उक्त मार्केट में भारी बारिश होने के कारण आने जाने वाले रास्ते में कीचड दलदल में तब्दील हो गया है। जिसके कारण दुकानदारो ग्राहको भारी परेशानी हो रही है जिससे मार्ग में आने जाने वाले कीचड की वजह से वाहन चालक फिसल कर गिर गये है। दमुआ निकाय सहित जनप्रतिनिध गणों को चाहिए कि उक्त मार्केट में बरसात के मौसम को ध्यान मे रखते हुए सडक मार्ग की उचित व्यवस्था सहित पर्याप्त बिजली स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था और दुकानदारो के लिए टीन शेड की व्यवस्था बनाना चाहिए ताकि दुकानदारों एवं ग्राहको को परेशानियों का सामना ना करना पड़े। बारिश के दिनों में यहां अक्सर ऐसी समस्या आती है। निकाय द्वारा जल्द से जल्द यहां सड़क, टीनशेड की व्यवस्थाएं की जानी चाहिए जिससे कीचड़ से निजात मिल सके।

# सड़क निर्माण, संधारण में अनियमितताएं की शिकायत

### रोड कॉन्ट्रैक्टर वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन ने जबलपुर में दर्ज कराई समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों में अनियमितताओं और संविदाकारों को आ रही समस्याओं को लेकर रोड कॉन्ट्रैक्टर वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन छिंदवाड़ा के पदाधिकारियों ने जबलपुर स्थित मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय (सीजीएम), मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण में शिकायत दर्ज कराई है।पदाधिकारियों ने बताया कि छिंदवाड़ा जिले में अनेक सड़कों को बिना अनुमति के नल-जल योजना के लिए खुदा जा रहा है, जिससे शोल्डर, कैरेजवे और सीसी रोड बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो रही हैं। संविदाकारों ने कई बार स्थानीय महाप्रबंधक को शिकायत दी, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ।सीजीएम जबलपुर कार्यालय को सौंपी गई समस्याओं की सूची में शामिल हैं:बिना अनुमति पाइपलाइन बिछाने से सड़कों का नुकसान,भारी ट्रैफिक के कारण 8 टन डिज़ाइन वाली सड़कें टूट रहीं,संधारण कार्य के भुगतान में 6-8 माह की देरी किसानों द्वारा फेंसिंग व अतिक्रमण की समस्या,गांवों में कचरा प्रबंधन की व्यवस्था न होने से ग्रेडिंग में कटौती,स्टील रोड फर्नीचर (साइन बोर्ड आदि) की लगातार चोरी।

**संविदाकारों की प्रमुख मांगें**

1. पाइपलाइन कार्य से पहले अनिवार्य अनुमति की प्रक्रिया को सख्ती से लागू किया जाए।2. क्षतिग्रस्त सड़कों की शीघ्र मरम्मत कराई जाए।3. ट्रैफिक सर्वे के आधार पर BOQ में आवश्यक संशोधन हो।4. संविदाकारों को समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए।5. अतिक्रमण और अवैध खुदाई पर प्रभावी रोक लगे।6. पंचायत स्तर पर कचरा प्रबंधन की जवाबदेही तय हो।7. चोरी की घटनाओं पर पुलिस की सख्त कार्यवाही हो।संघर्ष की चेतावनी रोड कॉन्ट्रैक्टर वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन ने चेताया है कि यदि शीघ्र समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो संगठन जिला स्तर से लेकर भोपाल तक आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

# प्रभारी नगर पालिका अधिकारी से मिले कांग्रेसी

### नगर और नगरपालिका में व्याप्त समस्याओं से कराया अवगत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया कांग्रेस के कार्यकर्ता और पदाधिकारी शुक्रवार को परासिया नगर पालिका के नए प्रभारी सीएमओ से मिले और उन्हें नगर में व्याप्त समस्याओं और नगर पालिका में व्याप्त अनियमितताओं से अवगत कराया।

ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष कमल राय, नगर कांग्रेस अध्यक्ष और नेताप्रतिपक्ष वीर बहादुर सिंह, विधायक प्रतिनिधि आशीष सिकंदरपुरे , पाषर्द पूनम कैथवास, पार्षद रुक्मा बंसोड़ पार्षद , नीलोफर खान , पार्षद ब्रजेश भलावी , पार्षद पूजा मरकाम , पार्षद प्रतिमा बैस , पार्षद प्रतिभा सोनी , पार्षद सावित्री वर्मा सहित पूर्व सांसद प्रतिनिधि अशोक शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष अखलाक खान , नगर कांग्रेस सचिव पप्पू मरकाम ने सीएमओ भरत गजबे से मुलाकात का बताया , कि नगर के वार्डों में साफ सफाई नहीं होने से जगह - जगह कचरा पड़ा है ।

जिसमें बारिश का पानी पड़ने से अब बदबू भी फैलने लगी है और जिससे बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है । कचरा वाहन भी नियमित रूप से वार्डों में नहीं जा रहे हैं । इसके अलावा सी एम ओ को बताया गया , कि नगर पालिका से एलईडी टीवी गायब है ।

महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए बुलाई गई मशीन भी गायब है । इसके अलावा एफडी तुड़वाने का मामला भी सीएमओ के समक्ष रखा गया है और सभी ने इस मामले में सीएमओ से उचित कार्रवाई किए जाने की मांग रखी है । साथ ही कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है ।

# शिक्षकों ने की ई अटेंडेंस आदेश लौटाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा जिला पांढुर्ना के तत्वाधान में आज अनेक शिक्षकों ने मुख्यमंत्री महोदय, स्कूल शिक्षामंत्री महोदय तथा आयुक्त महोदय के नाम का ज्ञापन कलेक्टर पांढुर्ना को सौंपते हुए ई अटेंडंस आदेश लौटाने की मांग की। शिक्षकों को आरोप है कि ई अटेंडंस व्यवस्था से शिक्षकों की छवि खराब होगी। इस व्यवस्था से शिक्षक प्रताडित महसूस करेंगे। प्रदेशभर के शिक्षक इस व्यवस्था से नाराज है। इसलिए प्रदेशभर में इस आदेश के खिलाफ आंदोलन की भूमिका बना रहे है। शिक्षकों की निगरानी होनी चाहिए लेकिन उनकी गरिमा का भी ध्यान रखना चाहिए।

शिक्षकों का कहना है कि ऐसी उलटीसीधी व्यवस्था लागू करने के पहले शिक्षकों की 20 वर्षों की वरिष्ठता जो शासन ने शून्य कर दी है उसे पुनः प्रदान किया जाए। शिक्षकों को गैरशिक्षकीय कार्यों में लगवाकर शिक्षा गुणवत्ता पर प्रभाव पड रहा है इसे भी समाप्त किया जाना चाहिए।

# भुगतान के लिए जनपद के चक्कर लगा रहे हैं ग्रामीण

### जनपद पंचायत सौंसर की कार्यप्रणाली से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर




जनपद पंचायत सौसर कार्यालय का कार्य अव्यवस्थित चल रहा है,जिसके चलते प्रतिदिन जनपद पंचायत में ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले क्षेत्र ग्रामीण को परेशान होना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी ग्रामीण दुकानदारों को भुगतान को लेकर हो रही है। प्रतिदिन कई दुकानदार एवं ग्रामीण भुगतान को लेकर जनपद पंचायत सौसर के चक्कर काटते हुए नजर आते हैं।

मिली जानकारी के अनुसार बीते दो माह से जनपद पंचायत सौसर की व्यवस्थायें बिगड गई है। जनपद पंचायत सौसर में नए भवन में पदस्थ लेखापाल दो माह से अस्वस्थ्य होने के कारण कई छोटे-बडे भुगतान लंबित है। जिसके कारण कई दुकानदार एवं जनप्रतिनिधि जनपद कार्यालय के चक्कर काट रहे है।

वित्तीय व्यवस्था से जुडा मामला होने के कारण अब तक किसी को चार्ज भी नही सौपा गया हैं बताया जाता है कि, लेखापाल गंभीर बिमारी से ग्रसीत होने के कारण डयुटी पर आने में असमर्थ है। ऐसे में संबंधित विभाग के अधिकारी द्वारा किसी अन्य लिपिक या समकक्ष को इसका प्रभार सौपना चाहिये। ताकि, दुकानदार एवं जनप्रतिनिधियों को होनेवाली परेषानी से बचा जा सके।

जनपद सदस्यद्वय भी प्रस्तावित कार्ययोजना सौपे जाने के बाद लेखापाल कक्ष के चक्कर काटते हुये देखे गये हैं। जनपद सदस्य विनायक मर्सकोले का कहना है कि, लेखापाल छुटटी पर होने के चलते किसी अन्य को प्रभार सौपने हेतू अधिकारी से चर्चा की गई। किंतु अधिकारी द्वारा अब तक किसी को प्रभार लेने हेतू निर्देषित क्यो नही किया है।

इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रफुल लव्हाले का कहना है कि, लेखापाल से दूरभाष पर चर्चा की गई है, आगामी 30 जुन तक कार्य पर उपस्थित नही होते है तो किसी अन्य को चार्ज देने हेतू आदेषित किया जायेगा।

### पातालकोट से 50 कलाकरों ने लिया भाग, मदन मोहन की प्रतिमा रही विशेष आकर्षण का केंद्र

# रथ पर सवार होकर निकले भगवान जगन्नाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



प्रतिवर्षानुसर इस वर्ष भी छोटी बाजार पुराना पावर हाऊस से जगन्नाथ रथयात्रा निकाली गई। जगन्नाथ महाप्रभु की पारंपरिक रथयात्रा इस वर्ष भी धूमधाम से निकाली गई जिसमें पातालकोट से लगभग 50 कलाकार जिले की सांस्कृतिक झलक का प्रदर्शन करेंगे।

शुक्रवार को निकाली गई इस यात्रा में रथयात्रा दोपहर 12 बजे से प्रस्थान की और शाम 4 बजे परम संतोष लक्ष्मीनारायण मंदिर में जाकर संपन्न हुई। यहां पर विश्राम के बाद प्रभु को वर्धमान सिंटी स्थित पं विजय आनंद दुबे के निवास जगन्नाथ आराधना स्थली के लिए विशेष छिन्दवाड़ा के महाराजा रथ से ले जाया गया। इस दौरान जगन्नाथ पुरी की परंपरानुसार भगवान मदनमोहन के भी दर्शन श्रद्धालुओं ने लिए। यात्रा प्रभारी आदित्य कराड़े ने बताया कि तीन दिवसीय पूजन महोत्सव बुधवार से शुरू हो गया। जिसमें जगन्नाथ जी के अनन्य भक्त पं स्पंदन आनंद दुबे द्वारा 25 जून को भगवान का नवयोवन संस्कार विधि-विधानपूर्वक किया गया।

इस दौरान भगवान के तीनों विग्रह स्वस्थ हुए इसके बाद विगत दिवस गुरुवार 26 जून को भगवान का विशेष पूजन अर्चन और श्रंगार कर नेत्रोत्सव संस्कार किया गया। इसके बाद महाप्रभु को उत्सवपूर्ण तरीके से विहार यात्रा कर छोटीबाज़ार स्थित जगन्नाथ पूजन स्थल लाया गया। शाम को श्री बलभद्र, मां सुभद्रा एवं श्री जगन्नाथ भगवान के विविध अनुष्ठान संपादित किया गया।

आयोजन प्रमुख पं स्पंदन आनंद दुबे ने जानकारी दी कि शुक्रवार को विशेष दिन पर सुबह चार बजे से कलश स्थापना हुई। इसके बाद मंगला आरती के साथ श्रीसूक्त और पुरष सूक्त का पाठ हुआ। अभिषेक और बड़ा श्रृंगार आरती के बार अटका भोजन पूजा हुई। इसके बादसहस्त्रनाम पाठ के बाद धूप आरती के पश्चात भगवान के दर्शन के लिए पट खुले। सुबह नौ बजे उन्हें छप्पन भोग लगाए गए। इसके पश्चात विविध पूजा विधि संपन्न कराने के बाद श्री बलभद्र, सुभद्राजी के साथ भगवान जगन्नाथ को रथ पर प्रतिष्ठित किया गया।

आयोजन के मीडिया प्रभारी गौरव सोनी ने बताया कि दोपहर 12 बजे रथ संचलन पुराना पावर हाउस, छोटी बाजार के पास से हुआ। यात्रा यहां से निकलकर बुधवारी होते हुए परम संतोष लक्ष्मीनारायण मंदिर पहुंची। यहां त्रिमूर्ति का विश्राम एवं धूपार्ती और भात वितरण किया गया। इसके बाद से विशेष वाहन से भगवान को वर्धमान सिटी ले जाया गया।

# स्कूल कॉलेज में चलने वाले वाहनों की होगी जांच




**पांढुर्ना।** जिले में सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा यातायात व्यवस्था को चुस्त करने के लिए कलेक्टर सभाकक्ष में आज जिला सडक सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। इसमें कलेक्टर अजय देव शर्मा, एसपी सुंदर सिंह कनेश, तहसीलदार विक्रम ठाकुर, यातायात प्रभारी आकांक्षा सहारे, पीडब्ल्यूडी एसडीओ सुहांशु चौरसिया तथा कुछ अन्य विभाग प्रमुख मौजूद रहे। कलेक्टर महोदय ने पूर्व में संपन्न जिला सडक सुरक्षा समिति की बैठकों में जारी दिशा निर्देशों पर अब तक क्या प्रगति हुई इस बार में पूछताछ की। यातायात प्रभारी आकांक्षा सहारे ने जानकारी प्रस्तुत की कि बीते सत्र में यातायात नियमों का उल्लंघन करनेवाले 2700 लोगों के चालान काटे। कलेक्टर महोदय द्वारा अपेक्षा की गई कि जिले से गुजरनेवाले सारे वाहनों की ड्रिंक एवं ड्राइव मामलों की समय समय पर जांच की जाए। इसके साथ ही जिले भर के स्कूल कॉलेज में विशेषकर छात्र छात्राओं को लेकर चलनेवाले वाहनों की जांच की जाए।

Raja Shankar Shah University, Chhindwara
IPS COLLEGE
JOIN EXCLUSIVE COURSE
Serving Edu. for the Past 25 YEAR
ADMISSION OPEN
MICROBIOLOGY B.Sc. Honor's / M.Sc.
BIOTECHNOLOGY B.Sc. Honor's / M.Sc.
B.Sc. Honour's Maths / Bio / Comp.
B.C.A. MCU
B.B.A. Honour's AICTE APPROVED COURSE
B.A. Honour's Computer
M.Sc. CS MCU
DCA/PGDCA
B.Com. Honour's Computer
M.Com
Excellent Placement Record
In Front of S.A.F. Gate,Parasia Road, Chhindwara
Mob.- 9752880383,9753304877, 7898075114

## रोज़गार का प्रमुख साधन था कोयला, युवा ले रहे बाहर के शहरों का सहारा

# व्यवसाय खदानों के बंद होने से प्रभावित हो रहा है जुन्नारदेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



कभी रोजगार का प्रमुख केंद्र रहे जुन्नारदेव क्षेत्र की कोयला खदानें अब वीरान पड़ी हैं। डब्लूसीएल की कई खदानों के बंद होने के बाद अनेकों लोग बेरोजगार हो गए हैं। यह स्थिति क्षेत्र की आर्थिक रीढ़ को तोड़ रही है। जिसके कारण स्थानीय युवाओं के सामने रोजगार का संकट गहरा गया है।

कोयला खदानों से निकलने वाले कोयलें से क्षेत्र में कोक भट्टे,कोलवाशरी सहित अन्य औद्योगिक क्षेत्र फल फूल रहे थे ।जिसमें सैकड़ो लोग मजदूरी करके अपना परिवार का भरण पोषण करते थे। कोयला खदानों के बंद होने से क्षेत्र के लोगों को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध नहीं हो रहे हैं। वहीं दूसरी ओर डब्लू सी एल कन्हान एरिया का कोलवाशरी का प्लांट दमुआ अब पूरी तरह उजड़ चुका है।

इस कोलवाशरी में सैकड़ों श्रमिक कार्यरत थे। यहां से शुद्ध हुआ कोयला भिलाई स्टील प्लांट एवं उड़ीसा में सप्लाई होता था। कोलवाशरी के लिए रेलवे लाइन का ट्रैक हिरदागढ़ से दमुआ तक बनाया गया था। बड़े पैमाने पर यहां का किला सप्लाई होता था। लेकिन निरंतर कोयला खदानें बंद होने से यह भी बंद हो गई। कोयला खदानों में प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से जुन्नारदेव अन्य ग्रामों के लोग रोजगार से जुड़े थे। खदानों के बंद होते ही मजदूरों को न कोई वैकल्पिक रोजगार मिला, न ही कोई सरकारी पुनर्वास योजना।

### स्थानीय युवा हो रहे पलायन को मजबूर

कोयला खदानें बंद होने से क्षेत्र के कई युवा महिला पुरुष रोज़गार की तलाश में नागपुर, भोपाल, इंदौर और छत्तीसगढ़ गुजरात, मुंबई जैसे शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं। कई युवाओं ने निजी कंपनियों में छोटे-मोटे काम शुरू किए हैं। पलायन के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक परिवार से कोई ना कोई सदस्य बाहर मजदूरी करके रोजगार प्राप्त कर रहे हैं।

### सरकार ने नहीं की कोई ठोस योजना

ग्रामीणों और श्रमिक संगठनों का आरोप है कि कोयला खदानों के बंद होने के बाद सरकार ने कोई पुनर्वास नीति लागू नहीं की। क्षेत्र में कोई भी औद्योगिक इकाई नहीं है। ग्रामीण

### कोर्ट की पहल पर सरपंच का मकान सील

**पांढुर्ना।** ग्रामपंचायत जामलापानी के सरपंच राजकुमार कुमरे के मकान को गत दिवस शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर निर्माण किए जाने के आरोप और जांच के बाद प्रशासन ने सील कर दिया। इस संबंध में तहसीलदार विक्रम ठाकुर ने बताया कि उपसरपंच छोटु साहू की शिकायत प्राप्त होने के उपरांत हमने आर.आई. और पटवारी के माध्यम से जांच प्रतिवेदन मंगाया। जांच में सरपंच का मकान घास मद की शासकीय भूमि पर बना हुआ पाया गया। इसके बाद इस मामले में जबलपुर कोर्ट द्वारा भी उचित कारवाई के लिए निर्देशित किया गया। इसके बाद प्रशासन ने सरपंच राजकुमार कुमरे और उसके परिवार को मकान से बेदखल कर सील कर दिया। तहसीलदार विक्रम ठाकुर ने बताया कि सरपंच राजकुमार ने भी उपसरपंच छोटु साहू के विरूद्ध शासकीय जमीन पर अतिक्रमण कर मकान बनाए जाने की शिकायत प्रस्तुत की गई है। इस मामले की जांच की जा रही है।

## केंद्रीय विद्यालय मार्ग पर स्पीड ब्रेकर बनाए जाने की उठी मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नगर के हनोतिया मार्ग पर स्थित नवनिर्मित केंद्रीय विद्यालय की मुख्य सड़क पर स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग क्षेत्र वासियों द्वारा की गई है। केंद्रीय विद्यालय के सामने से होकर जाने वाला हनोतिया रोड व्यस्ततम मार्गो में से है। इस मार्ग पर रोजाना दो पहिया और चौपाइयां वहां सरपट दौड़ते हुए नजर आते हैं जिससे दुर्घटनाओं का अंदेशा बना हुआ है केंद्रीय विद्यालय में पढ़ने वाले नन्हे बच्चों के साथ-साथ इस मार्ग से होकर गुजरने वाले शिक्षकों को भी दुर्घटनाओं का डर बना रहता है क्षेत्र वासियों ने विद्यार्थियों और शिक्षकों की सुरक्षा की दृष्टि से केंद्रीय विद्यालय मुख्य मार्ग पर विद्यालय के पास स्पीड ब्रेकर बनाए जाने की मांग की है जिससे अनचाही दुर्घटना से बचा जा सके।

## मिशन इंफ्रा कंपनी की राशि होगी राजसात

### नगर पालिका की पीआईसी ने पारित किए 26 प्रस्ताव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

नगर पालिका परासिया के प्रेसिडेंट इन काउंसिल की बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई । बैठक में 26 प्रस्ताव पारित किए गए । जिसमें मिशन इंफ्रा कंपनी को ब्लैक लिस्टेड करने और राशि राजसात करने का प्रस्ताव भी शामिल है ।मिशन इंफ्रा कंपनी को दो साल पहले सात जून 2023 को कार्य आदेश दिया गया था । 92 लाख रूपयों के निर्माण कार्य करने के लिए इस कंपनी को कार्यआदेश जारी किया गया था । कंपनी ने काम नहीं किया । जिसके चलते पीआईसी ने कंपनी को ब्लैक लिस्टेड करने और राशि राजसात करने का प्रस्ताव लिया ।

नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने बताया , कि बैठक में 26 प्रस्ताव लिए गए । 78 लाख की लागत से एमआरएफ प्लांट में कंपोस्ट पिट बनाने का प्रस्ताव लिया गया । एमआरएफ सेंटर में कचरे को एकत्रित कर गट्ठा बनाकर जहां जरूरत है वहां भेजा जाएगा । इसके लिए 19 लाख रूपयों की नई मशीनें लगाई गई हैं । नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया , कि सीएम अधोसंरचना मद के कार्य और अन्य निर्माण कार्यों के टेंडर की दरें स्वीकृत की गई हैं । प्रधानमंत्री आवास योजना के 80 मकान स्वीकृत किए गए हैं । शीघ्र ही इनके कार्य प्रारंभ किए जाएंगे । नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया , कि मंधान बांध से पानी परासिया लाने के लिए अमृत टू योजना का काम शीघ्र ही प्रारंभ किया जाएगा । इस काम के पूरा होने के बाद मंधान का पानी परासिया में एक बड़ा आरओ प्लांट लगाकर वितरित किया जाएगा । नागरिकों को नल से आरओ का पानी मिलेगा।

बैठक में लोक निर्माण समिति के सभापति नरेंद्र विश्वकर्मा , स्वच्छता समिति के सभापति संतोष विश्वकर्मा , खाद्य समिति की सभापति सुषमा चौरसिया , राजस्व समिति की सभापति शोभा सेंगर , सामान्य प्रशासन विभाग की सभापति शशि सतनामी , सीएमओ भरत गजबे और नगर पालिका के विभागों के प्रभारी उपस्थित रहे ।

## अधीक्षण अभियंता शिववंशी ने कुंडा वितरण केंद्र और उपकेंद्र का किया औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

छिंदवाड़ा जिले के अधीक्षण अभियंता शिववंशी एवं कार्यपालन अभियंता चौरई द्वारा कुंडा वितरण केंद्र एवं 33/11 केवी उपकेंद्र कुंडा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्युत व्यवस्था की गहन समीक्षा की गई। निरीक्षण में अधीक्षण अभियंता ने विद्युत उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण और सतत विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने उपकेंद्र में सफाई की स्थिति पर असंतोष व्यक्त करते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए। साथ ही उपकेंद्र पर ट्रिपिंग कम करने, कर्मचारियों की 8-8 घंटे की ड्यूटी सुनिश्चित करने तथा सभी लॉगबुक, ट्रिपिंग रजिस्टर एवं परमिट बुक को निर्धारित प्रारूप में संधारित करने के निर्देश भी दिए। शिववंशी द्वारा प्रतिदिन कम से कम 20 उपभोक्ताओं से कॉलिंग कर फीडबैक लेने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा उपकरणों की जांच की गई और वितरण केंद्र के सभी रिकॉर्डों का भी अवलोकन किया गया।

1912 और सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए शिववंशी ने पाया कि 1912 के कई शिकायतों के निराकरण में 4 घंटे से अधिक का समय लग रहा है, जिस पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि भविष्य में सभी विद्युत आपूर्ति से संबंधित शिकायतों का निराकरण 4 घंटे के भीतर किया जाए।

राजस्व वसूली एवं लाइन मेंटेनेंस पर विशेष जोरनिरीक्षण के दौरान राजस्व संग्रहण, नए कनेक्शन, और विजिलेंस चेकिंग की प्रगति कम पाए जाने पर अधिकारियों को फटकार लगाई गई। साथ ही के वाय सी खातों की संख्या बेहद कम होने पर नाराजगी जताई गई।

### नगर पालिका वार्ड प्रभारियों की एक आवश्यक बैठक



**जुन्नारदेव।** कार्यालय नगर पालिका के सभाकक्ष में वार्ड प्रभारियों की एक आवश्यक बैठक नगर पालिका अध्यक्ष की प्रमुख उपस्थिति में आहूत की गई। जिसमें वार्ड प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। आगामी वर्षा काल मे नगर में होने वाली तेज बारिश, करो कि वसूली व शासन की जनकल्याणकारी योजनाओ का शत प्रतिशत क्रियान्वयन करने नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे द्वारा निकाय के सभाकक्ष में 18 वार्डो के सभी वार्ड प्रभारियों की एक बैठक ली गई ।बैठक में आगामी दिनों में होने वाली तेज बारिश से वार्डो में उत्पन्न होने वाली परेशानियों को तत्काल हल करने ,जलकर व संपत्ति कर के बड़े बकायादारों से वसूली एवं समय समय पर केंद्र व प्रदेश शासन के माध्यम से लागू की जाने वाली जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुचाने के निर्देश दिए गए साथ कि कार्य मे किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने पर नियमानुसार कार्यवाही किये जाने की बात भी कही गई। वार्ड प्रभारियों की बैठक में अध्यक्ष रमेश सालोडे सहित सभी 18 वार्डो के प्रभारी उपस्थित थे ।

### पुरूषों से अधिक महिलाओं ने कराया अपना पंजीयन

## अटल पेंशन योजना के क्रियान्वयन में बालाघाट जिला देश में प्रथम स्थान पर

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को 60 वर्ष की आयु के बाद एक निश्चित पेंशन राशि प्रदान करने के लिए अटल पेंशन योजना संचालित की जा रही है। इस योजना में अधिक से अधिक असंगठित क्षेत्र के लोगों को जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत नए लोगो को जोड़ने और उनका पंजीयन कराने में बालाघाट जिला सम्पूर्ण देश में प्रथम स्थान पर है। यह बालाघाट जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। कलेक्टर श्री मृणाल मीणा की पहल एवं निर्देशन पर बालाघाट जिले में बैंको द्वारा कृषि, महिला एवं बाल विकास, आजीविका मिशन एवं श्रम विभाग के साथ समन्वय कर इस योजना में लोगों को जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

अग्रणी बैंक प्रबंधक श्री संजीव कुमार ने इस संबंध में बताया कि सम्पूर्ण देश में 01 मई 2025 से अटल पेंशन योजना में अधिक से अधिक लोगो को जोड़ने के लिए विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। यह अभियान 15 जुलाई 2025 तक चलेगा। कलेक्टर श्री मृणाल मीणा द्वारा इस अभियान के अंतर्गत जिले में 50 हजार लोगो को इस योजना से जोड़ने का लक्ष्य दिया गया है। 27 जून 2025 तक इस विशेष अभियान के अंतर्गत 10 हजार 925 असंगठित क्षेत्र के कामगारों एवं लोगो को इस योजना से जोड़ा जा चुका है। जो देश के सभी जिलों में सबसे अधिक है।

इस अभियान के अंतर्गत केंद्रीय एजेंसी द्वारा बालाघाट जिले को 2992 लोगों को जोड़ने का लक्ष्य दिया गया है। 27 जून 2025 तक इस लक्ष्य के विरूद्ध 10 हजार 925 लोगों को जोड़कर 365 प्रतिशत उपलब्धि के साथ बालाघाट जिला देश में प्रथम स्थान पर है। द्वितीय स्थान पर कर्नाटक का कोलार, तृतीय स्थान पर मध्यप्रदेश का श्योपुर, चतुर्थ स्थान पर कर्नाटक का चिकबल्लापुर, पंचम स्थान पर उत्तरप्रदेश का बाराबंकी,छठवें स्थान पर पश्चित बंगाल का माल्दा, सातवें स्थान पर उत्तरप्रदेश का महाराजगंज, आठवें स्थान पर मध्यप्रदेश का उज्जैन व नौवें स्थान पर अलीराजपुर तथा दसवें स्थान पर पश्चित बंगाल का मुर्शिदाबाद जिला है।

श्री संजीव कुमार ने बताया कि अटल पेंशन योजना से जुड़ने में बालाघाट जिले में पुरूषों की तुलना में महिलाओं ने अधिक रूचि दिखाई है। बालाघाट जिला 1000 पुरुषों पर 1021 महिलाओं के साथ लिंगानुपात में प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। अटल पेंशन योजना के इस अभियान के अंतर्गत 26 जून तक जिले में 9604 महिलाओं, 1320पुरूषों एवं 01 ट्रॉसजेंण्डर ने अपना पंजीयन कराया है। इस प्रकार अटल पेंशन योजना के अंतर्गत जिले में पंजीकृत कुल लोगों की संख्या 01 लाख 05 हजार 477 हो गई है। जिसमें 61 हजार 509 महिलाएँ, 43 हजार 953 पुरूष और 15 ट्रॉसजेण्डर शामिल है। इस योजना में पंजीकृत महिलाओं की संख्या बता रही है कि बालाघाट जिले में महिला सशक्तिकरण योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है और महिलाओं में अपने बेहतर भविष्य के प्रति जागरूकता आ रही है।

अटल पेंशन योजना भारत सरकार की एक सामाजिक सुरक्षा योजना है, जो मुख्य रूप से असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले लोगों के लिए तैयार की गई है। यह योजना उन लोगों को पेंशन प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई है, जो रिटायरमेंट के बाद आर्थिक रूप से सुरक्षित रहना चाहते हैं। इसके लिए 18 से 40 वर्ष की आयु के भारतीय नागरिक, जो असंगठित क्षेत्र के कामगार जैसे दिहाड़ी मजदूर, छोटे व्यापारी, घरेलू कामगार, रेहड़ी-पटरी वाले, किसान, आदि पात्र हैं। इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक का किसी बैंक या डाकघर में बचत खाता होना चाहिए, जो आधार से लिंक हो।

### मुख्य अभियंता के एल वर्मा ने विधायक विवेक विक्की पटेल से विभिन्न विषयों पर की चर्चा

## वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र में लगेंगे 123 नए ट्रांसफार्मर : पटेल

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

मध्यप्रदेश विद्युत मंडल जबलपुर संभाग के मुख्य अभियंता के एल वर्मा ने अपने बालाघाट प्रवास के दौरान शुक्रवार को वारासिवनी-खैरलॉजी विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल से उनके जनसंपर्क कार्यालय में भेंट की। इस दौरान उनकी विधायक श्री पटेल से क्षेत्र में लगातार हो रही विद्युत कटौती, क्षेत्र में ट्रांसफार्मरों की कमी, विद्युत वितरण व्यवस्था में गड़बड़ी सहित अन्य विषयों पर चर्चा हुई।



### उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली मिले हमारा रहता हैं प्रयास-के एल वर्मा

इस दौरान मुख्य अभियंता के एल वर्मा ने विधायक श्री पटेल को बताया कि बारिश का मौसम शुरू हो चुका हैं। इसीलिए उन्होंने बालाघाट जिले के विभिन्न विद्युत विभाग के कार्यालयों व पॉवर हाऊस में पहुंच कर वहॉ का निरीक्षण किया हैं। जहाँ घटिया सामान लगा हैं, उसे ठीक करने के निर्देश दिए गए हैं। हमारा प्रयास रहता हैं कि उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली मिले। मैं जितने भी वितरण केंद्रों में गया, सभी जगह पर्याप्त साधन मिले। विभाग द्वारा किसी भी प्रकार से अघोषित विद्युत कटौती नहीं की जाती हैं। विभाग द्वारा बरसात के पहले भी और बरसात के बाद भी मेंटेनस का कार्य किया जाता हैं।

### क्षेत्र की जनता ना हो परेशान इसका विभाग रखे ध्यान- विवेक पटेल

मुख्य अभियंता श्री वर्मा से चर्चा के बाद विधायक विवेक विक्की पटेल ने बताया कि विभाग द्वारा लगाए गई घटिया सामग्री के कारण बार-बार बिजली की कटौती हो रही हैं। जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा हैं। इस संबंध में मेरे द्वारा पूर्व में भी मुख्य अभियंता के एल वर्मा को शिकायत की गई थी। उन्होंने मुझसे मुलाकात की हैं, हमने उन्हें क्षेत्र की सारी समस्याओं से अवगत करा दिया हैं। उन्होंने हमें आश्वस्त किया हैं कि क्षेत्र में जो भी परेशानी होगी, बहुत जल्द समस्या का निराकरण किया जायेगा। हमारा प्रयास हैं कि क्षेत्र की जनता को परेशानी नहीं होनी चाहिए। हम क्षेत्र की जनता के साथ खड़े हैं। वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र में बहुत जल्द 123 नये ट्रांसफार्मर की स्वीकृति मिली चुकी हैं, जो बहुत जल्द लगाए जायेंगे।

इस दौरान पूर्व सांसद विश्वेश्वर भगत, खैरलॉजी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोकुल प्रसाद गौतम, अधिवक्ता रामकिशोर बिसेन, डॉ. जेशराज पारधी, अधीक्षण अभियंता दीपक कुमार उइके, कार्यपालन अभियंता बी एल भैना, सहायक अभियंता राहुल तुरकर, जनपद सदस्य जितेन्द्र सिंह जीतू राजपूत, अनिल पिपरेवार, सुदेश गुड्डू सोनी, विवेक जुझार, हरी क्षीरसागर मौजूद रहे।

### नगर के वार्ड क्रमांक 02 के वार्डवासियों ने अनदेखी का लगाया आरोप

## सड़क का बुरा हाल, बारिश के बाद पैदल चलना भी मुश्किल



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** यह कच्ची सड़क किसी दूर-दराज गांव या कस्बे की नहीं है. यह तस्वीर तहसील मुख्यालय कटंगी यानी शहर के वार्ड क्रमांक 02 में बीएसएनएल कार्यालय के ठीक बगल से बहने वाली नहर के बाजू की है. इस सड़क से हर दिन स्थानीय रहवासियों की आवाजाही होती है. जिसमें बच्चों से लेकर वृद्ध तक शामिल है सभी को काफी परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है. खासतौर से बारिश के मौसम में बहुत अधिक दिक्कतें होती है. वाहन चलाना तो दूर पैदल तक मुश्किल हो जाता है. गत दिवस हुई हल्की सी बारिश के बाद सड़क का हाल बेहाल हो गया है. स्थानीय रहवासियों ने आवागमन में होने वाली परेशानियों को साझा किया और नगर परिषद पर अनदेखी का आरोप लगाया है. दरअसल, नगर परिषद एक तरफ इस कॉलोनी को अवैध मानती है जबकि दूसरी तरफ इस कॉलोनी में भवन निर्माण की अनुमति प्रदान कर मोटा राजस्व कमा रही है. जिससे स्थानीय रहवासियों में संशय की स्थिति बनी हुई है. नगरपरिषद के इसी दोहरे रवैये के कारण शहर में अवैध कॉलोनियों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है।

स्थानीय रहवासियों ने बताया कि उन्होंने कई बार नगर परिषद से लेकर वार्ड पार्षद से सड़क निर्माण करवाने की मांग की लेकिन हर बार उन्हें केवल आश्वासन मिला. बताया जाता है कि कॉलोनी अवैध है जिस कारण निर्माण संभव नहीं है जबकि शहर के अलग-अलग वार्डों में कई अवैध कॉलोनियों में पक्की सड़क से लेकर तमाम मुलभूत सुविधाएं नगर परिषद के द्वारा प्रदान की गई है. जिन कॉलोनियों में यह सेवाएं दी गई है. उनमें शहर के रसूखदारों से लेकर नौकरीपेशा के लोग शामिल है. वहीं राजनीतिक दलों से ताल्लुक रखने वाले लोग भी ऐसी कॉलोनियों में निवास करते है. जिन्होंने अपने प्रभाव और राजनीतिक संबंधों का फायदा उठाकर अवैध कॉलोनियों में भी सड़क का विस्तार करवा लिया. खैर, नगर में अवैध कॉलोनियों के विस्तार का सिलसिला बदस्तुर जारी है और इस प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष तौर पर नगर परिषद ही बढ़ावा दे रही है।

### कई सालों से पानी की टंकी की नहीं हो रही सफाई, लोगों मिल रहा अशुद्ध पेयजल

## शुद्ध पेयजल के दावे फेल: नलों से पानी के साथ निकलते हैं कीड़े-मकोडे



**हरिभूमि न्यूज लाँजी।** लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की बात नगर परिषद और जिला प्रशासन की ओर से लगातार की जाती रही है, बावजूद इसके नगरवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इसकी मुख्य वजह पेयजल आपूर्ति के लिए सफाई नहीं होने के कारण लगातार नल में कीड़े आने की शिकायत आ रही है। नल में पानी के साथ कीड़े निकलने के कारण लोग परेशान हैं और इसके कारण बीमारियों का खतरा भी बढ़ने का डर बना हुआ है। पेयजल में अशुद्धता की वजह से कई तरह की बीमारिया फैल सकती हैं।

नगर परिषद की ओर से नगरवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का दावा किया जा रहा है । लेकिन पानी टंकी में कीड़े निकलने के बाद यह दावा धरा का धरा रह गया है । लांजी नगर परिषद अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 5 मंडई टेकरी में स्थित पानी टंकी से पानी की निकासी वार्ड में स्थित सभी वार्डवासियों के घर के नलों में किया जाता है। परंतु कुछ दिनों से देखा जा रहा है कि पानी टंकी से वार्डवासियों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है। वही पानी टंकी से नलों में कीड़े निकलने से वार्डवासियों में दहशत फैल गई है। जिसको देखते हुए वार्डवासियों ने इसकी शिकायत वार्ड पार्षद श्रीमती कल्पना डोलस से की जिसे संज्ञान में लेते हुए वार्ड पार्षद श्रीमती कल्पना डोलस ने टंकी से आ रहे पानी को बोतल में भरकर सैंपल के तौर पर लिया जिसे लेकर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि लीलाधर डोलस अपने वार्डवासियों के साथ नगर परिषद अधिकारी के पास पहुंचकर इस विषय पर चर्चा की।

नगर में नलों के माध्यम से नगर परिषद द्वारा पेयजल आपूर्ति किया जाता है। लेकिन पिछले कुछ समय से नल के पानी के साथ बड़े-बड़े कीड़े आने की शिकायत बढ़ गई है। जिसे नगरवासी सांप का बच्चा कहते हैं। नल के पानी में कीड़ा निकलने से लोग आपूर्ति वाले पानी को पीने से बचने लगे हैं, लेकिन गरीब तबके के लोग इस पानी को पीने के लिए मजबूर हैं। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को सुबह मंढ़ईटेकरी वार्ड क्रमांक 5 में नल के पानी में कीड़ा निकलने की घटना सामने आई।

**पानी के बर्तन में दिखा कीड़ा, छूटा पसीना:** मंढ़ईटेकरी वार्ड के पार्षद प्रतिनिधि लीलाधर डोलस ने बताया कि हमारे वार्डवासी अपने घरेलू उपयोग एवं पीने के लिए नल से पानी भर रहे थे। इस दौरान कीड़े पानी के बर्तन में नजर आए। वार्डवासी नल के पानी का उपयोग पेयजल के रूप में भी करते हैं, लेकिन नल से कीड़े निकलने के बाद अब पीने के लिए बाहर हेंडपंप से पानी लाकर उपयोग कर रहे हैं। नल का पानी गंदा हो गया है और कीड़ों के कारण पेट से संबंधित संक्रामक बीमारियां फैल सकती है। नगर परिषद द्वारा पानी टंकी सफाई में ध्यान नहीं दिए जाने के कारण ही पानी में कीड़े आ रहे हैं। वार्ड में नल के पानी में कीड़े निकलने की घटना के संबंध में वार्ड पार्षद श्रीमती कल्पना डोलस से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि नल के पानी में कीड़े निकलने की शिकायत मिली थी। जिसके बाद बोतल में सैंपल लेकर वह वार्ड वासियों के साथ अधिकारी के पास पहुंचे हैं।

### इनका कहना है

वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद एवं वार्ड वासियों द्वारा पेयजल में गंदा पानी मिलने एवं कीड़े मिलने की शिकायत की गई थी, जिसे तुरंत सज्ञान में लेकर मेरे द्वारा कर्मचारियों को भेज कर पानी टंकी की सफाई कराई जा रही है ताकि आज ही इस समस्या का समाधान हो सके, साथ ही भविष्य में इस तरह की गलतियों की पुनरावृत्ति ना हो इसका भी हमारे द्वारा ध्यान रखा जाएगा।

**खबर संक्षेप**

## सीईओ सोनी का स्थानांतरण एसडीएम को मिला प्रभार



घंसौर / जनपद पंचायत घंसौर में पदस्थ मुख्यकार्यपालन अधिकारी श्रद्धा सोनी का स्थानांतरण कर दिया गया है मिली जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भोपाल दिनांक 17 जून 2025 के अनुसार श्रद्धा सोनी, प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत घंसौर, जिला-सिवनी का स्थानांतरण जनपद पंचायत निवास, जिला-मण्डला किया गया है। श्रद्धा सोनी, प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत घंसौर के भारमुक्त होने के उपरांत बिसन सिंह अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) घंसौर को आगामी आदेश तक मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत घंसौर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा। कार्यालय सिवनी द्वारा जारी आदेश में बताया गया है कि विसन सिंह गौड़ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व घंसौर अपने कर्तव्य के साथ-साथ मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत घंसौर के रूप में अतिरिक्त कार्यभार संभालेंगे। बताया गया है कि उन्हें जनपद पंचायत कार्यालय घंसौर के आहरण एवं संवितरण के अधिकार प्रदत्त किये हैं। उल्लेखनीय है कि सीईओ श्रद्धा सोनी के स्थानांतरण के पूर्व से ही कयास लगाये जा रहे थे किंतु उनके स्थानांतरित हो जाने के उपरांत उनके समकक्ष अधिकारी को पदस्थ नहीं किए जाने के कारण एक बार फिर विसन सिंह गौड़ को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है विसन सिंह गौड़ इससे पहले भी श्रद्धा सोनी के अवकाश पर जाने के दौरान अतिरिक्त प्रभार संभाल चुके हैं।

# करोड़ों खर्च के बाद भी छपारा में बनी जलभराव की स्थिति, निर्माण कार्य की हो जांच

## जगह-जगह जलभराव से बढ़ा मौसमी बीमारियों का खतरा

**महेश पाटर। छपारा। नगर में नाली निर्माण में करोड़ों खर्च पर नहीं सुधरी नगर ने जल भरवा की समस्या नगर परिषद के इंजीनियर ठेकेदार की मिली भगत से नगर में जो नाली निर्माण कार्य किए गये या जो किये जा रहे हैं क्या मापदंड पर खरे उतरे हैं इनकी जांच होनी चाहिए नगर परिषद में सड़क निर्माण नाली निर्माण बिना अतिक्रमण हटाये जहां जितनी जगह उतनी चौड़ी नाली निर्माण कार्य युद्ध गति से चल रहा है । जिसके परिणाम पहली बारिश में आने शुरू हो गये ।**




### पानी निकासी पर नहीं दिया गया ध्यान

जिस गति से नाली निर्माण कार्य से यदि थोड़ा सा समय निकाल कर पूर्व निर्मित नाली या आधी अधुरी पड़ी नाली पर ध्यान दिया होता तो ये समस्या न बनतीं। बारिश के पहले की फोटो से स्पष्ट होगा की नगरपरिषद जिस हिसाब से नगरवासियों को न जाने कितने प्रकार के टेक्स लगा रही है उस हिसाब से क्या व्यवस्था दे पा रही है पुछता है छपारा। नगरपरिषद जब प्यास लगी तब कुआं खोदने की कहावत चरितार्थ करती नजर आ रही है बर्षाकाल शुरू होने से पहले क्यों नहीं दिया वर्षों पुरानी समस्या पर ध्यान पहली बारिश में लोगो के घरों में भरा दुषित पानी तीन सालों में स्थायी हल निकालने में नाकाम नगरपरिषद ।

नगर मे लगातार दो दिन से रुक रुक हो रही तेज बारिश से जगह जगह जल भराव होने से मौसमी बीमारी फैलने की आशंका जताई जा रही है। गत दिवस बुधवार25- 26 जून की





दोपहर से शुरू हुई लगातार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है शहर में जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण डॉ. कॉलोनी, हाईवे कॉलोनी, महाराणा प्रताप कॉलोनी और बस स्टैंड के पीछे सहित कई खुले इलाकों में जलभराव हो गया है। जलभराव के कारण मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है, जिससे स्थानीय निवासियों में चिंता का माहौल है। नगर के गौरीशंकर मंदिर के सामने स्थित रिक्शा चालक सुरेश बरमैया के घर में तो पिछली रात पानी घुस गया, और अगले दिन शाम तक भी आंगन में पानी भरा रहा, जिससे वहां पर रहने परिवार को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द पानी की निकासी के लिए उचित कदम उठाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि गौरीशंकर



मंदिर के सामने हाल ही में हुए सीसी सड़क निर्माण के दौरान पानी की निकासी के लिए बनी नालियों की जगह पर पक्की ऊँचाई पर सीसी रोड बना दिया गया है, जिससे जल निकासी की समस्या और भी गंभीर हो गई है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो स्थिति और बिगड़ सकती है और बीमारियों का प्रकोप बढ़ सकता है। प्रशासन को इस गंभीर मुद्दे पर तुरंत ध्यान देने और प्रभावी उपाय करने की आवश्यकता है।

# आड़े-तिरछे पोल खोल रहे हैं मेंटेनेंस की पोल

## तहसील मुख्यालयों में भी ठीक नहीं हालात



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी । जिला मुख्यालय में जहां बिजली के तिरछे पोलों पर लगे ट्रांसफार्मर, खुली पड़ी डीपी व झूलते तार हादसों को आमंत्रण दे रहे हैं, वहीं तहसील मुख्यालयों में भी ऐसे ही हालात बने हुए हैं। इससे बिजली कंपनी के बारिश के पूर्व किए गए मेंटेनेंस कार्य की पोल खुल रही है। लखनादौन के वार्ड नंबर 4 पर नेशनल हाइवे किनारे हाईटेंशन विद्युत लाइन का पोल तिरछा हो गया है। पहाड़ीनुमा जगह पर लगे इस पोल के आगे खुदाई कर दिए जाने के कारण यह और भी खतरनाक स्थिति में है। वहीं वार्ड नंबर 4 में ही कॉलेज के सामने स्थित कालोनी में, बस स्टैंड के पास मुख्य मार्ग पर व कॉलेज रोड पर लगा पोल तिरछा होकर हादसे को आमंत्रण दे रहा है।

घंसौर में पुराने बस स्टैंड के पास स्थित एक पोल तिरछा हो गया है, जो कभी भी हादसे का सबब बन सकता है। ऐसी स्थिति कई अन्य जगह भी बनी हुई है। बरघाट, कुरई, केवलारी, छपारा क्षेत्र में भी जगह-जगह आड़े तिरछे-पोल पर लगे ट्रांसफॉर्मर, पोल तिरछे होने से झूलते तार व खुली डीपी खतरे का सबब बनी हुई हैं।

शिकायत मिलते ही सुधार इस मामले में लखनादौन क्षेत्र के कार्यपालन अभियंता सीबी पटेल का कहना था कि बारिश पूर्व मेंटेनेंस कार्य कराया गया है। यदि कहीं पोल तिरछे हैं तो सुधार कार्य कराया जाएगा। जहां से भी शिकायत मिलती है, त्वरित निदान के प्रयास किए जाते हैं।

# सभी विभागों में एक साथ ई अटेंडेंस लागू करे सरकार-जगदीश

## शिक्षाकीय गरिमा के खिलाफ ई अटेंडेंस के विरोध में राज्य शिक्षक संघ आज सौपेगा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

केवल शिक्षक संवर्ग हेतु ई अटेंडेंस व्यवस्था लागू करना समाज में ऐसा संदेश देता है कि शिक्षक कर्तव्य के प्रति लापरवाह और गैरजिम्मेदार है। राज्य शिक्षक संघ मध्यप्रदेश ने ऐसे कुप्रचार को फैलाने वाली ई अटेंडेंस व्यवस्था को सिर्फ शिक्षकों के लागू किए जाने को अन्यायपूर्ण बताया।संघ के प्रांताध्यक्ष जगदीश यादव ने जारी प्रेस नोट में कहा कि ऐसी व्यवस्था लागू करना सरकार का हक है पर इसे मध्यप्रदेश के समस्त विभागों के समस्त कर्मचारियों/अधिकारियों पर एक साथ लागू किया जाना चाहिए।संघ ने सरकार को चेताया कि गुरु परंपरा को खंडित करने वाली इस योजना में प्रदेश का शिक्षक संवर्ग तब तक शामिल नहीं होगा जब तक यह केवल उनके लिए है।

### रिजल्ट देख खूब तारीफ की,फिर अविश्वास क्यों

राज्य शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष विपनेश जैन ने कहा कि विगत दिवस मध्य प्रदेश के 10वीं एवं 12वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम में सरकारी स्कूलों के बेहतर प्रदर्शन से उत्साहित मुख्यमंत्री जी ने शासकीय शिक्षकों एवं विद्यालयों की तारीफों के पुल बांधे थे और कुछ दिन गुजरते ही केवल उनके लिए ही अटेंडेंस योजना लागू करना शिक्षकों की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह लगता है ।

संघ ने चेताया कि सरकार को समाज में गुरु के सम्मान के बने स्तर को खंडित करने वाले किसी भी कदम को उठाने से बचना चाहिए।

### सभी के लिए एकसाथ करें लागू

जिला सचिव ने बताया कि समूचा शिक्षक संवर्ग पूरी निष्ठा से अपने कर्तव्यों का पालन कर रहा है।उन्हें अटेंडेंस योजना में सहभागी होने में कहीं कोई आपत्ति नहीं है परंतु यदि यह योजना केवल शिक्षक संवर्ग के लिए लागू की जाएगी तो वे इसमें सहभागी नहीं होंगे।सरकार इसे समस्त विभागों में एक साथ लागू करें शिक्षक संवर्ग इसमें शत प्रतिशत सहयोग हेतु आगे आएगा। 28 जून को प्रदेश भर में ज्ञापन -राज्य शिक्षक संघ ने 28 जून को मध्य प्रदेश के समस्त विकासखंड स्तर पर ई अटेंडेंस योजना को प्रदेश के समस्त विभागों में एक साथ लागू करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने की घोषणा की है। संघ ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से आग्रह किया है कि वह जब तक अन्य विभागों में ई अटेंडेंस योजना प्रारंभ नहीं हो सकती तब तक शिक्षा विभाग में इसे स्थगित किया जाए।

# इस्कॉन सिवनी जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव 29 जून को



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ इस्कॉन द्वारा इस वर्ष भी पारंपरिक रूप से श्री जगन्नाथ रथयात्रा का भव्य आयोजन 29 जून 2025 रविवार को किया जा रहा है। यह रथयात्रा भगवान श्री जगन्नाथ जी, बलभद्रजी और सुभद्रा माता के दिव्य स्वरूपों के साथ नगर भ्रमण के रूप में निकाली जाएगी। इस रथयात्रा का उद्देश्य भक्तों को भगवान के दर्शन से जीव, जन्म और मृत्यु के चक्र से मुक्त करने का अवसर प्रदान करना है। रथयात्रा में हर कोई भाग ले सकता है और इस भक्ति यात्रा का लाभ प्राप्त कर सकता है। यात्रा का प्रारंभ 29 जून रविवार को छिंदवाड़ा चौक से श्रीनगर पालिका से शुक्रवारी से कचहरी चौक से माधवराव पुतला से स्टेट बैंक से राशि लान मैं समापन होगा ।

यात्रा में विशेष आकर्षण श्री प्रभुपाद इस्कॉन संस्थापकाचार्य की प्रेरणा से आयोजित रथयात्रा मार्ग में कीर्तन, भजन और भक्तिपूर्वक रथ खींचने की व्यवस्था, पूर्ण रथयात्रा के दौरान महाप्रसाद वितरण किया जाएगा और रथ यात्रा समापन के पश्चात सभी भक्तों के लिए भोजन भंडारा प्रसाद रखा गया है राशि लान में । यह रथयात्रा सिवनी नगरवासियों एवं श्रद्धालुजनों के लिए एक दिव्य अवसर है। आयोजकों ने सभी भक्तों से अनुरोध है कि समय पर पधारकर इस पावन आयोजन में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करें।

# यादव भागवताचार्यों के साथ किए गए अमानवीय व्यवहार के विरोध में जिला यादव महासभा ने सौपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** इटावा में यादव भागवताचार्यों के साथ किए गए अमानवीय व्यवहार के विरोध में जिला यादव महासभा सिवनी के द्वारा आज विरोध प्रदर्शन कर जिला अध्यक्ष अरुण यादव सचिव एड अखलेश यादव उपाध्यक्ष रंजीत यादव,नंदू यादव उमेश यादव संरक्षक बाबू यादव, एड निर्मल यादव,विनोद यादव लक्ष्मण यादव एड अमित राजा यादव जिला महामंत्री अरुण यादव,बरघाट ब्लाक अध्यक्ष दिलीप यादव, सिवनी ब्लाक अध्यक्ष विनोद यादव कुरई ब्लाक अध्यक्ष गंगा देशमुख उषा अध्यक्ष राम किशोर यादव जिला प्रवक्ता विक्रम यादव के साथ एड राजेंद्र यादव, बंटी यादव,दिलीप यादव,जयप्रकाश यादव, टिकारी सरपंच अमित यादव के साथ समाज के अन्य लोगो ने उपस्थित होकर भारत के राष्ट्रपति भारत के प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश के राज्यपाल उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री एवं जिला कलेक्टर के नाम **SDM** को ज्ञापन सौपा।

# ई एफ ए स्कूल में पर्यावरण संरक्षण हेतु किया गया वृक्षारोपण



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

ई एफ ए शासकीय नेताजी सुभाष चंद्र बोस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनी में पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षा रोपण किया जिसमें विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती राजेश्वरी धुर्वे ने बताया कि शासन के निर्देश अनुसार शाला द्वारा प्रति दिन शाला में वृक्षा रोपण किया जा रहा है। इसी क्रम में आज मुख्य अतिथि श्रीमती सावित्री टेकनकर द्वारा भी वृक्षा रोपण किया गया साथ ही शाला परिवार के श्रीमती अंजना राय, श्रीमती सुनीता डहेरिया, श्रीमती आरती पांडे, श्रीमती अंजुला भलावी, श्रीमती ऋचा सनोडीया, श्रीमती कविता राय, श्रीमती सुदीक्षा डोंगरे विद्यालय के शिक्षक यशवंत साहू ने अपने जन्म दिवस पर विद्यालय में वृक्षा रोपण किया गया जिसमें विद्यालय के शिक्षक एन के राहंगडाले यदुराज उईके अनिल पलवार रामेश्वर बिसेन जयदीप बघेल एवं अन्य विद्यालय परिवार के सदस्य ने भी अपनी सहभागिता दी।

# कान्हीवाड़ा: 50 लाख की लागत से बना बस स्टैंड शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बना शोभा की सुपारी

## आवंटन के बाद भी बंद पड़ा, ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज कान्हीवाड़ा।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन योजना के तहत सिवनी जिले की सिवनी जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत काँहीवाड़ा में लगभग 50 लाख रुपये की लागत से बना बस स्टैंड, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, यात्री प्रतीक्षालय एवं शौचालय महज एक शोभा की सुपारी बनकर रह गया है।

निर्माण कार्य पूर्ण हुए कई महीने बीत चुके हैं और दुकानों का आवंटन भी कर दिया गया है, बावजूद इसके यह कॉम्प्लेक्स अभी तक आम जनता और व्यापारियों के लिए चालू नहीं किया गया है।



स्थानीय दुकानदारों, व्यापारियों और ग्रामीणों में इसे लेकर गहरा आक्रोश है। उनका कहना है कि यह कॉम्प्लेक्स यदि समय पर प्रारंभ हो जाता, तो ग्रामीण क्षेत्र में रोज़गार के नए अवसर सृजित होते, स्थानीय व्यापार को गति मिलती और यात्रियों को भी आवश्यक सुविधाएं मिलतीं। लेकिन प्रशासनिक उदासीनता और आपसी खींचतान के चलते यह संरचना आज खंडहर में तब्दील होती जा रही है।

कॉम्प्लेक्स के अंदर बना शौचालय और प्रतीक्षालय भी बंद पड़े हैं, जिससे राहगीरों और यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। वहीं सरकारी खजाने से खर्च हुई राशि का कोई उपयोग नहीं हो रहा, जिससे प्रशासन को आर्थिक क्षति हो रही है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि कुछ प्रभावशाली लोगों की आपसी राजनीति और हितों के टकराव के चलते यह जनकल्याणकारी प्रोजेक्ट ठप पड़ा हुआ है।

अगर प्रशासन समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाता, तो हम उग्र आंदोलन करेंगे।

स्थानीय व्यापारी संघ और जनप्रतिनिधियों की चेतावनी। जनता की मांग है कि इस प्रोजेक्ट को शीघ्र चालू किया जाए, जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए और क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया जाए।

## जनरल पंचायत के जनरल सेक्रेटरी निर्विरोध निर्वाचित हुए पारस ,नीरज बने चातुर्मास के संयोजक

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** दिगंबर जैन समाज सिवनी की प्रमुख सभा दिगंबर जैन जनरल पंचायत इस संस्था का नगर में निवास रत प्रत्येक दिगंबर जैन आवन सदस्य होता है एवं इस जनरल पंचायत की सुपम बॉडी के प्रमुख पदाधिकारी जनरल सेक्रेटरी द्वारा आमंत्रित जनरल पंचायत की विशेष सभा में उपस्थित सामाजिक सभासदो द्वारा सर्व सहमति से लिये गये सामाजिक एवं धार्मिक विषयों पर के महत्वपूर्ण निर्णय ही सकल दिगंबर जैन समाज के हर वर्ग को मान्य होते है . इस सभा के निर्णय ही समाज में आदर्श आचार संहिता के मानक होते है. इन्ही निर्णयों को जनरल सेक्रेटरी द्वारा लिपी बद्ध कर रिकार्ड में सुरक्षित रखा जाता है.इस सभा के माध्यम से ही जैन समाज की प्रमुख प्रबंधकारिणी संस्था दिगंबर जैन पंचायत कमेटी के चुनाव करा उन्हे उनके संवैधानिक दायित्व सोपे जाते है। दिगंबर जैन जनरल पंचायत के कुशल संचालन हेतू सभी सामाजिक सदस्यो द्वारा सभा में आम सहमति बनाकर किसी एक सामाजिक सदस्य का मनोनयन कर उसे जनरल सेक्रेटरी के पद पर आसीन किया जाता है.यह परंपरा लगभग सौ वर्षों से भी कही अधिक समय से सतत जारी है. विगत माह जनरल पंचायत के वर्तमान जनरल सेक्रेटरी नरेंद्र गोयल के आकस्मिक देहांत से उनके बाद रिक्त हुए पद पर शदिगंबर जैन शास्त्र सभा के आदेश अनुसार संजय नायक को कार्यवाहक जनरल सेक्रेटरी मनोनीत कर रिक्त हुए पद पर नवीन जनरल सेक्रेटरी मनोनीत किए जाने हेतु पंचायत कमेटी के माध्यम से पत्र प्रेषित करवाया।

## बंडोल पुलिस की अवैध गौवंश परिवहन पर लगातार कार्यवाही जारी, 02 नग नाटा, 14 नग गाय कुल 16 नग गौवंश एवं ट्रेवलर वाहन जप्त

सिवनी। पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील कुमार मेहता के द्वारा गौवंश वध, अवैध परिवहन करने वालो के विरूध्द सख्त कार्यवाही हेतु समस्त थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है व अवैध गौवंश हत्या, परिवहन करने वालो की सूचना देने वाले मुखबिरो को नगद इनाम से पुरूष्कृत करने हेतु घोषणा की गई है। मान पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील कुमार मेहता निर्देशन मे, मान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी . डी. शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक सिवनी मति पूजा पांडे के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी बंडोल उ.नि. अर्पित भैरम एवं उनकी टीम व्दारा थाना क्षेत्र मे लगातार गौवंश पर कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 25-26/06/2025 की दरमयानी रात्रि विश्वसनीय मुखबिर सूचना पर एक सफेद रंग की ट्रेवलर गाडी न. **MH27A9642** जिसमे क्रूरता पूर्वक गौवंश भरकर सागर बखारी रोड की तरफ से बंडोल की ओर आ रही है जो गौवंश को नागपुर कत्लखाना ले जा रहे हैं, कि सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी व्दारा टीम गठित कर ग्राम बांकी सागर रोड गंगा के पास नाकाबंदी की गई ट्रेवलर गाडी न. **MH27A9642** का चालक तेज गति लापरवाही पूर्वक आया जिसे रोकने पर वाहन चालक व्दारा खतरनाक तरिके से गाडी घुमाकर भागने लगा जिसका पीछा करने पर ग्राम ढाना पुलिया के पास वाहन खडा कर वाहन चालक अंधेरे का फायदा उठा कर भाग गया।

## प्राथमिक शाला पोंडी के हाल बेहाल

# जर्जर भवन में हो रहा स्कूल संचालित प्रशासन मौन

**सोनखार (प्रदीप तिवारो)।** सिवनी जिले के अंतर्गत विकासखंड केवलारी की उप तहसील उगली से मात्र 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत मलारी के अंतर्गत आने वाले ग्राम पोंडी में प्राथमिक शाला पोंडी जो ग्रामीणों के अनुसार लगभग 5 दशक पूर्व इस भवन का निर्माण किया गया था।

आज आधुनिकीकरण के दौर में हर जगह सीमेंट कंक्रीट युक्त लेंटर वाले स्कूल भवन देखने को मिलते हैं.लेकिन इसके विपरीत पौडी ग्राम में प्राथमिक शाला का भवन तस्वीरों में स्पष्ट नजर आ रहा है, कि जीर्ण शीर्ण अवस्था में यह स्कूल लगाया जा रहा है, यहां पर 1 से 5 तक कक्षाएं संचालित होती है, जिसमें लगभग 17 विद्यार्थी विद्या ग्रहण करते हैं, इस स्कूल में दो महिला शिक्षिकाएं पदस्थ हैं, विसंगति यह है कि उगली संकुल के अंतर्गत यह स्कूल आता है जहां पर भवन की जर्जर अवस्था और जरा सी बरसात में टूटे-फूटे कवेलू, छत से



पानी का रिसाव होने के कारण स्कूल परिसर के अंदर पानी भर जाता है, जिसके कारण मजबूरी में बच्चों को घर भेजना पड़ता है या सुखी जगह में टेबल के ऊपर इनको पढ़ाया जाता है जिससे विद्यार्जन करने में इन विद्यार्थियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. अभी मानसून सत्र की शुरुआत ही हुई है, पोंडीग्राम के दर्जनों ग्रामीण के द्वारा संबंधित अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों को इस भवन की जरूरत अवस्था के संदर्भ में अवगत कराया जा चुका है, लेकिन आज दिन तक इस स्कूल का जीर्णों धार नहीं हो सका है,जर्जर भवन में स्कूल कभी भी गंभीर दुर्घटना यहां पर विद्या अर्जित करने वाली छात्र-छात्राओं के ऊपर हो सकती है.

जिले की संवेदनशील कलेक्टर महोदय से ग्रामीणों ने निवेदन किया है, कि कृपया प्राथमिक शाला पोंडी का जीर्णोद्धार कर यहां नए भवन की स्वीकृति कर दें जिससे बच्चों को अच्छी शिक्षा विद्या ग्रहण करने में आसानी होगी.

इस स्कूल में दो महिला शिक्षिकाएं पदस्थ हैं जिनको लेकर भी ग्रामीणों ने ग्रीष्मकालीन अवकाश के समय अवगत कराया था कि जर्जर भवन में इस स्कूल की छत कवेलू को छाकर सुधारीकरण कर छत को टपकने से बचाया जा सकता है, लेकिन ध्यान नहीं दिया गया जिसकी वजह से बरसात में स्कूल के अंदर पानी भरने से विद्यार्थियों को शिक्षा ग्रहण करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

### इनका कहना है

छोटे-छोटे बच्चे इस स्कूल में पढ़ाई करने आते हैं जिनके भविष्य को लेकर और इस स्कूल की इमारत बहुत पुरानी हो चुकी है जिसको शीघ्र अतिशीघ्र दुरुस्त किया जाए ताकि हमारे गांव के बच्चे अन्य गांव में जाकर शिक्षा ग्रहण न करें।

**ग्रामीण अनूप बिसेन**

यह स्कूल की इमारत बहुत पुरानी और जर्जर हो चुकी है जहां बरसात के मौसम में पानी टपकने से अंदर का फर्श तक गीला हो जाता है प्रशासन से निवेदन है कि इसे अति शीघ्र नए भवन में तब्दील किया जाए।

**तीरथ ठाकरे महामंत्री भाजपा मंडल उगली**

# यज्ञ सदैव सात्विक होना चाहिये-धर्मवीर

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** यदि अपरिपक्व व्यक्ति को लक्ष्मी मिल जाये तब वह उसका दुरुपयोग करेगा इसी प्रकार साधनहीन व्यक्ति को यदि बुद्धि मिल जाए तब वह बुद्धि का दुरुपयोग करेगा। विवेकहीन व्यक्ति के लिए विद्या विवाद का विषय बन जाती है। बुद्धि से व्यक्ति तर्क-कुतर्क करता है। बुद्धिहीन और साधनहीन व्यक्ति को मिला धन, उसके अभिमान को बढ़ाने की हेतु बनेगा। बुद्धिहीन व्यक्ति को मिला बल संतो को सताने हेतु बनती है।समझदार व्यक्ति को मिली विद्या ज्ञान का हेतु बनती है।समझदार व्यक्ति को मिला धन दान का हेतु बनता है और उनको मिला बल संतों की रक्षा का हेतु बनता है। विद्या शास्त्र चिंतन के लिए है, भगवद् दर्शन के लिए है लेकिन यदि विद्या साधनहीन को मिल जाए तो वह तर्क-कुतर्क करके अपने जीवन को उलझन में डाल देता है। कई व्यक्ति यह समझ बैठते हैं उनके पास सबसे ज्यादा बुद्धि है, यह एक प्रकार से बुद्धि का अजीर्ण कहलाता है। ऐसा व्यक्ति सदा



तनाव में जीता है। अपनी बुद्धि को अंतिम परिणाम नहीं मानो, शास्त्रों के निर्णय को अंतिम परिणाम मानो। माता-पिता और गुरु के निर्णय को अंतिम परिणाम मानो। अपनी बात पर है अड़ जाना समझदारी नहीं। उक्त उद्गार व्यासपीठ से धर्मवीर अजित तिवारी ने व्यक्त करते हुये सती के प्रसंग को सुनते हुये धर्मवीर अजित तिवारी ने कहा सती से भी कुछ गलती हुई क्योंकि उनके पिता का स्वभाव भी जिद्दी था इसलिए पिता के कुछ संस्कार बेटी में आ गये ।सती के पिता है दक्ष और दक्ष को बना दिया है अध्यक्ष। दक्ष अध्यक्ष बन गये तो अहंकार का पारा चढ़ गया और भरी सभा में दो व्यक्ति उनके सम्मान में नहीं खड़े हुये एक पिता ब्रह्मा जी और दूसरे उनके दामाद शंकर जी। ब्रह्मा जी नहीं उठे कोई बात पिता हैं। शंकर को खड़े जाते तो मेरा सम्मान और मेरा महत्त्व बढ़ जाता। लोग कहते हैं कि कितना महान है साक्षात त्रिलोकीनाथ, विश्वनाथ, जगन्नाथ स्वयं खड़े होकर सम्मान कर रहे। यदि नहीं उठे उसका अर्थ है मेरा सम्मान में कोई कमी है। यह जानकर दक्ष को अत्यंत क्रोध आ गया और वह शंकर को बुरा-भला कह कर सभासदों देवताओं के बीच अभिमान वश अपमानित करने लगा फिर भी महादेव शंकर मुस्कुरा रहे थे। भरी सभा में किसी को इतना अपमानित किया जाये और वह मुस्कुराता रहे या तो वह पागल होगा, त्रिगुणातीत होगा या प्रकृति के तीनों गुणों से ऊपर होगा। दक्ष ने आश्चर्य से सोचा मैंने इतना अपमानित किया और भगवान शंकर विचलित नहीं हो रहे हैं और उन्होंने देवगणों को कह दिया कि कान खोलकर सुन लो आज के बाद इस अधम का यज्ञ में कोई हिस्सा नहीं रहेगा।

## लाँजी पुलिस की जुआरियों पर कार्रवाई

# 8 आरोपियों का जुलूस निकाला, एसडीएम कोर्ट में किया पेश

हरिभूमि न्यूज लाँजी।



लांजी थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम लाडसा में खुलेआम जुआ खेलने की लगातार शिकायतों के बाद पुलिस ने कड़ा एक्शन लेते हुए न केवल जुआरियों को गिरफ्तार किया, बल्कि शुक्रवार को उनका जुलूस निकालकर पूरे इलाके में सख्त संदेश दे दिया कि असामाजिक गतिविधियों को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। थाना प्रभारी विभेदु टांडिया ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर से मिली सूचना पर ग्राम लाडसा के बाघ नदी के किनारे मुंड़ीपार घाट में दबिश दी गई, जहां जुआ खेलते हुए मनोज गायधने आमगांव महाराष्ट्र, मधुकर गोण्डाने आमगांव महाराष्ट्र, प्रमोद मेश्राम कंनद्रिखुर्द किरनापुर, लोकेश पिछोड़े हिर्री किरनापुर, लक्ष्मी नारायण पिता चुन्नीलाल शिव कोसमी बालाघाट, दिनेश ठाकरे आमगांव महाराष्ट्र, संजय पिता बाजीराव थेर आमगांव महाराष्ट्र, विक्की उर्फ सुरेश बागडे कंनद्रिखुर्द किरनापुर को रंगे हाथ पकड़ा गया।

ऐसे हुई जुआरियो पर कार्यवाही

बालाघाट पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा द्वारा जिले मे चल रही अवैध गतिविधियो एवं अपराधो की रोकथाम हेतू कार्यवाही करने लगातार आदेशित किया जा रहा है। तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदर्शकांत शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालाघाट विजय डाबर एवं अनुविभागीय अधिकारी लांजी ओमप्रकाश द्वारा भी लगातार कार्यवाही करने के संबंध मे मर्गदर्शन दिये जा रहे है। उसी क्रम में 26 जून की रात्रि मे सूचना प्राप्त हुई कि लाडसा के बाघ नदी के किनारे मुंडीपार घाट पर कुछ लोग 2 फड मे रूपये पैसे का दाव लगाकर ताश पत्ती का खेल, खेल रहे है। सूचना मिलते ही लाँजी पुलिस के द्वारा घेराबंदी एवं धरपकड की कार्यवाही की गई। इस प्रकार घटनास्थल पर दो फड से 8 आरोपियौ को गिरफ्तार किया गया । फड एवं कब्जे से 31700/- रू नगदी रूपये एवं ताश की पत्तियां जप्त कर 'पुलिस के द्वारा कब्जे मे लिया गया। आरोपियो के पास से मोबाईल संदिग्ध पाया जाने पर 7 मोबाईल सहित होन्डा साईन मोटरसायकल जप्त किया गया। वहीं आरोपियों के पास से कुल मशरूका 1लाख, 62हजार 100)-रू का जप्त करने मे लाँजी पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस के द्वारा आरोपियों पर अपराध क्रमाँक 140/2025 एवं 141/2025 धारा 13 जुआ एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है। पुलिस के द्वारा आरोपियो को माननीय न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया। उक्त कार्यवाही मे थाना लांजी से थाना प्रभारी बीभेंदु व्यंकट टांडिया, प्रआर धनलाल लिल्हारे, पवन मर्सकोले, आर आशुतोष, आर महेन्द्र कुशवाह, आर विजय सिसोदिया, आर दिलीप यादव, आर चेतन सोनी, आर सुजीत पाल, आर रूपसिंह रावत, आर जयसूर्य वर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिभामान युवाओं सहित बुजुर्गों का भी होगा सम्मान

# जिला कलार समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान समारोह कल

### सहस्त्रबाहू फाउंडेशन पदाधिकारियो ने पत्रकार वार्ता में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी जिला कलार समाज के प्रतिभामान विद्यार्थियों के लिए सम्मान एवं कैरियर गाइडेंस समारोह का आयोजन किया गया है। आयोजित इस समारोह के दौरान न सिर्फ समाज के कक्षा 10वीं कक्षा 12वी में 70% से अधिक अंक आने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। बल्कि उनके लिए कैरियर गाइडेंस समारोह का भी आयोजन होगा।वही इस कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करते हुए विभिन्न कार्य क्षेत्र में समाज के प्रतिभावान युवाओं और बुजुर्गों का भी सम्मान किया जाएगा।सहस्त्रबाहू फाउंडेशन के तत्वाधान में कार्यक्रम का आयोजन नगर के भटेरा रोड़ स्थित एक होटल में रविवार 29 जून को होगा।जिसकी तमाम जानकारी शुक्रवार को नगर में आयोजित एक पत्रकारवार्ता के दौरान जिला कलार समाज सहस्त्रबाहू फाउंडेशन के पदाधिकारियों द्वारा दी गई।समाज संगठन के पदाधिकारी सुमित चौरे, राकेश सेवईवार,अनिल मलघाटी, संतोष धुवारे,अखिलेश डहरवाल, संतोष पिपलेवार, संजय धुवारे, रत्नेश शिवहरे, सुलभ चौरागड़े, राहुल जेमी जेमईवार, लिकेश सेवईवार सहित अन्य पदाधिकारी सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान पदाधिकारियो ने बताया कि जिले के कलार समाज के होनहार विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने एवं उन्हें उज्वल भविष्य की दिशा दिखाने के उद्देश्य से सहस्त्रबाहु फाउंडेशन के तत्वावधान में सम्मान एवं कैरियर गाइडेंस समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 29 जून (रविवार) को दोपहर 12 बजे से आयोजित होगा।इस समारोह में कक्षा 10वीं और 12वीं में 70% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं, खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी, और प्रशासनिक सेवाओं में चयनित युवाओं को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।इसके अलावा कार्यक्रम के दौरान समाज के बुजुर्गों को भी सम्मानित किया जाएगा।वही अन्य कार्यक्रमों के आयोजन होंगे।

### वसम्मान समारोह का होंगा भव्य आयोजन-नरेन्द्र धुवारे

आयोजित पत्रकार वार्ता को लेकर की गई चर्चा के दौरान सहस्त्रबाहू फाउंडेशन के चेयरमैन नरेन्द्र धुवारे ने बताया कि यह कार्यक्रम 29 जून रविवार को आयोजित किया जाएगा। जिसमें प्रतिभा मान छात्र-छात्राओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं का सम्मान होगा। इसके अलावा प्रतियोगी परीक्षाओं, खेल कूद व संगीत सहित विभिन्न क्षेत्रो में समाज का नाम रौशन करने वाले प्रतिभाओं व 10वीं 12वीं में 70% के से अधिक अंक आने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया जाना है। इसके अलावा युवाओं के लिए कैरियर गाइडेंस का भी आयोजन किया जाएगा ।ऐसे 156 से अधिक लोगों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। इसके तहत विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन होंगे।यह आयोजन भव्य रूप से किया जाएगा।जिसकी तमाम तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।अंत मे उन्होंने समस्त सामाजिक बंधुओ से उक्त आयोजन में उपस्थित होने की अपील की है।

## खबर संक्षेप

### करंट से झुलसा 11 वर्षीय बालक, अस्पताल में उपचार जारी

**कटंगी।** स्कूल से छुट्टी होने के बाद घर की छत पर आकर खेल रहा एक 11 वर्षीय बालक छत की उपर से गुजर रहे बिजली के तार की चपेट में आने से झुलस गया है. घायल बालक को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल कटंगी में भर्ती करवाया गया है. घटना 26 जून की शाम करीब 06 बजे के आस-पास की बताई गई है. घायल बालक अमित सिंगारे ने चर्चा करते हुए बताया कि स्कूल से आने के बाद वह अपने घर की छत पर खेल रहा था अचानक से उसका हाथ छत के पास से गुजर रहे बिजली के तार की चपेट में आ गया जिससे वह घायल होकर बेहोश हो गया था. अमित की दादी ने बताया कि अमित अपने दादा-दादी के पास रहता है. घटना के वक्त वह घर पर नहीं थी और दादा आटा चक्की की दुकान में थे. गनीमत की बात यह रही कि अमित जैसे ही बिजली की तार की चपेट आया अचानक से बिजली भी गुल हो गया. इस घटना से उसे नया जीवनदान मिला है।

### जिले में 81 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड

**बालाघाट।** 01 जून 2025 से प्रारंभ हुए चालू वर्षा सत्र में 27 जून 2025 तक बालाघाट जिले में 81 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 59 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई थी। जिले की औसत सामान्य वर्षा 1447 मि.मी. है। माह जून में सामान्य रूप से 212 मि.मी. वर्षा होना चाहिए और 01 जून से 27 जून तक 192 मिमी वर्षा होना चाहिए।

### जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक दिनांक 16 जुलाई को आयोजित

**बालाघाट।** जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक 16 जुलाई को सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित की गई है। कर्मचारी संगठनों से कहा गया है कि कर्मचारियों की समस्याओं के संबंध में अपनी मांगों का एजेण्डा 10 जुलाई तक जिला कार्यालय में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों को 16 जुलाई को आयोजित बैठक में उपस्थित रहने के लिए सूचित किया गया है।

### मोहनपुर में हुई परसवाडा विकासखंड के प्राचार्यो की बैठक

**बालाघाट।** 27 जून को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहनपुर में परसवाड़ा विकासखंड के प्राचार्य की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में विद्यालय से संबंधित विभिन्न गतिविधियां जैसे नामांकन, छात्रवृत्ति, पाठ्यपुस्तक वितरण, साइकिल वितरण, योजना पौधारोपण, आदि विषयों पर चर्चा की गई।

# खैरलांजी में विधायक गौरव सिंह पारधी की मुख्य उपस्थिति में समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी ।



जनपद पंचायत खैरलांजी के सभाकक्ष में कटंगी-खैरलांजी क्षेत्र के विधायक गौरव सिंह पारधी द्वारा गुरुवार 26 जून को समीक्षा बैठक का आयोजन कर सभी विभागों के योजनाओ की समीक्षा की और आ रही समस्याओं से अवगत हुए। इस दौरान विधायक गौरवसिंह पारधी ने कहा की सरकार की मंशा अनुरूप 27 और 28 जून को जल संवर्धन योजना के अंतर्गत किए गए निर्माण कार्यों का जनपद सदस्य या विधायक द्वारा नियुक्त प्रतिनिधि क्षेत्रों में भौतिक निरीक्षण करेंगे। तथा निरीक्षण में विधायक स्वयं भी मौजूद रहेंगे। तथा उन्होंनें जनपद पंचायत के एक उपयंत्री की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान विधायक ने खैरलांजी क्षेत्र के नवेगांव से डोंगरिया मार्ग पर सवालिया निशान लगाया और गुणवत्ता को घटिया बताया। तथा अधिकारी को क्षेत्र की सभी लोकनिर्माण की सड़कों का निरीक्षण करने के आदेश दिए ताकि बारिश में आवागमन में बाधा न हो। बैठक में पीआईयू,विद्युत विभाग सहित कुछ अन्य विभाग अनुपस्थित रहे जिससे उन विभागों की समीक्षा नही की गई। कृषि विभाग की समीक्षा की जो बीज बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों के लिए आया है उसका व्यापार प्रचार प्रसार कर किसानो को जानकारी देने के निर्देश दिए इस दौरान अधिकारी ने बताया कि इस बीज को लगाने पर 15 दिन तक धान की फसल बाढ़ में डूबी रहने पर भी वह खराब नही होती । कृषि मंडी की समीक्षा करते हुए उन्होंनें कहा कि मंडी का निरीक्षण जल्दी किया जाएगा। विधायक पारधी ने सख्त लहजे में कहा की गर्मी की धान मंडी में व्यापारी द्वारा खरीदी जाए इसकी व्यवस्था बनाई जाए। तथा कहा की सड़क में जहा पर पुलिया की आवश्यकता है वहां बनाया जाए और सड़क के नीचे पाइप भी लगाए जाए जिससे कि सड़क क्षतिग्रस्त न हो पाए। वन विभाग की समीक्षा करने के दौरान अधिकारी ने बताया कि बांस के पौधों को मेड पर किसान लगाए ऐसी योजना है जिसके लिए किसान को प्रोत्साहित करना है। उद्यानिकी विभाग ने बताया कि आम,पुष्प और मसाले वाले फसलों की खेती के लिए 35 किसानों का पंजीयन कराया गया है।स्वास्थ्य विभाग रोगी कल्याण समिति की बैठक विगत डेढ़ सालो से नही होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए शीघ्र बैठक आयोजित करने को बीएमओ से कहा । शिक्षा विभाग की समीक्षा में कहा गया कि 20 हजार रुपए आये है शौचालयो की मरम्मत करने के लिए। सभी 52 शालाओं की लिस्ट बीआरसी जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराए। बीईओ से कहा गया कि किसी शाला में टेबल कुर्सी व फर्नीचर की आवश्यकता हो बताए।विधायक पारधी ने समझाते हुए कहा कि पीएम आवास किसी कारण से किसी का भी कैंसिल नही करना है। जिनके नाम आए उन सभी को इसका लाभ मिले यह कोशिश करना है । 5 वे और 15 वित्त की राशि जनपद कुछ अपने पास रखकर शेष राशि जनपद सदस्य को वितरित की जा सकती है तथा टाईड अनटाइड का रोटेशन किया सकता है।

### किसानों को किया गया रागी मिनी किट का वितरण

**बालाघाट।** श्री अन्न उत्पादन योजना के अंतर्गत बालाघाट जिले में रागी के उत्पादन को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इसके लिए किसानों को निःशुल्क रागी बीज मिनी किट का वितरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में 27 जून को बालाघाट विकासखंड के ग्राम लोहारा में जनपद अध्यक्ष श्री फूलचंद सहारे के हाथों से 10 किसानों को रागी मिनी किट का वितरण किया गया एवं नवाचार के रूप में रागी लगाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान रागी के महत्व के बारे में भी चर्चा की गई तथा किसानों का पंजीयन किया गया। उपसंचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि रागी उत्पादन को प्रोत्साहन देने के लिए जिले में किसानों को 140 क्विंटल रागी बीज मिनी किट वितरण का लक्ष्य दिया गया है। यह बीज लगभग 700 किसानों को निःशुल्क वितरित किया जा रहा है। श्री मालवीय ने बताया कि रागी फसल से किसानों को अधिक लाभ हो सकता है। रागी का उत्पादन प्रति एकड़ 10 से 12 क्विंटल तक प्राप्त होता है।

## समिति स्तर पर 13 पंजीयन केंद्र स्थापित

# जिले में 5 जुलाई तक होगा ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द के उपार्जन के लिये किसानों का पंजीयन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

राज्य शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के निर्देशानुसार द्वारा जिले में समर्थन मूल्य पर ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द के उपार्जन के लिए किसानों के पंजीयन की प्रक्रिया 19 जून से प्रारंभ हो गई है। किसान 5 जुलाई तक ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द के विक्रय के लिये अपना पंजीयन करा सकते है।

उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय से प्राप्त जानकारी के अनुसार शासन द्वारा रबी वर्ष 2025 में मूंग का समर्थन मूल्य 8 हजार 682 रुपये प्रति क्विंटल एवं उड़द का समर्थन मूल्य 7 हजार 400 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। बालाघाट जिले में ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द के रकबे के आधार पर कुल 13 पंजीयन केंद्र स्थापित किये गये हैं। समिति स्तर पर स्थापित इन पंजीयन केंद्रों पर ग्रीष्म कालीन मूंग एवं उड़द के उपार्जन के लिये किसान अपना निःशुल्क पंजीयन करा सकते है।

उप संचालक श्री मालवीय ने बताया कि समिति स्तर पर स्थापित इन पंजीयन केंद्रों के अलावा किसान एमपी किसान एप पर भी अपना पंजीयन करा सकेंगे। किसान ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केंद्रों तथा सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केंद्रों पर भी अपना पंजीयन करा सकेंगे। इन सभी पंजीयन केंद्रों पर भी किसानों का पंजीयन निःशुल्क होगा। किसान एमपी ऑनलाइन कियॉस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्र तथा निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर निर्धारित शुल्क चुकाकर अपना पंजीयन करा सकेंगे। उप संचालक कृषि ने जिले के किसानों से ग्रीष्म कालीन मूंग एवं उड़द का समर्थन मूल्य पर विक्रय करने 5 जुलाई तक पंजीयन कराने की अपील की है।

# महाविद्यालय में किया गया नशा मुक्त भारत पखवाड़ा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



स्थानीय शासकीय शंकरसाव पटेल महाविद्यालय में ''नशा मुक्त भारत पखवाड़ा'' का आयोजन महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 प्रवीण पन्द्रे के निर्देशन एवं स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी नरेन्द्र कुमार डोंगरे के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ0 सरिता कोल्हेकर उपस्थित रही।

कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि डॉ. कोल्हेकर द्वारा छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति से संबंधित शपथ दिलाकर किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में कृष्णा पराते कार्यक्रम अधिकारी रासेयो, श्रीमती सविता सेनवार सहायक प्राध्यापक, विकास साहू क्रीडा अधिकारी, श्रीमती मोनिका सोनी अतिथि विद्वान, श्रीमती हर्षिता मेश्राम अतिथि विद्वान उपस्थित रहे।

कार्यक्रम प्रभारी द्वारा ''नशा मुक्त भारत पखवाड़ा'' के अन्तर्गत होने वाली विभिन्न गतिविधियों में रांगोली प्रतियोगिता, चित्रकला, भाषण, वाद-विवाद आदि का आयोजन किया जाना सम्मिलित है। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ0 सरिता कोल्हेकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि नशा करने वाला व्यक्ति स्वयं ही बर्बाद नहीं होता हैं, बल्कि अपने साथ-साथ पूरे परिवार एवं समाज को प्रभावित करता है।

विशिष्ट अतिथि कृष्णा पराते ने कहा कि नशा मुक्त अभियान से हमारा उद्देश्य है कि महाविद्यालय स्तर पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से छात्र-छात्राओं को जोडक़र समाज को जागृत करने हेतु प्रोत्साहित किया जाये। कार्यक्रम प्रभारी द्वारा समस्त अतिथियों एवं छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

# जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड मानक विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन संपन्न

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




भारत सरकार की विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा संचालित जिला स्तरीय पर अवार्ड मानक विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालाघाट में श्रीमती भारती ठाकुर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बालाघाट के मुख्य अतिथि एवं श्रीमती मौसम हरिनखेड़े अध्यक्ष जन भागीदारी समिति की अध्यक्षता में संपन्न हुआ । कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के पूजन तथा दीप प्रजनन से की गई। अतिथियों के स्वागत पश्चात प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी श्री सी. एस. मरावी द्वारा अवार्ड विज्ञान प्रदर्शनी के बारे में जानकारी देते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि आज प्रत्येक बच्चे को जीवन में विज्ञान के प्रति रुचि लेने की आवश्यकता है साथ ही अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा को परिष्कृत कर विश्व पटल पर एक पहचान देने की आवश्यकता है । विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी में प्रस्तुत किए गए मॉडलों में मौलिकता भी होनी चाहिए। कार्यक्रम का मंच संचालन व्याख्याता श्री उमेश शर्मा द्वारा किया गया । जिला स्तरीय मानक विज्ञान प्रदर्शनी 2024-25 के इस क्लस्टर में कुल 127 मॉडल प्रतिभागियों में से आज तक बालाघाट में से 79 तथा मंडला जिले से 16 मॉडल प्रतिभागी कुल 95 प्रतिभागी उपस्थित हुए । मॉडल को व्यवस्थित रखने हेतु एमएलबी विद्यालय में कुल 8 कक्षों का उपयोग किया गया। प्रदर्शनी में आए छात्राओं और उनके मार्गदर्शी शिक्षक शिक्षिकाओं के आवास स्वल्पाहार एवं दोनों समय के भोजन की अच्छी व्यवस्था की गई ।

### अवंतीबाई महाविद्यालय में मनाया गया योग दिवस

**वारासिवनी।** वीरांगना रानी अवंतीबाई शासकीय महाविद्यालय खैरलॉजी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास का आयोजन किया गया। इस मौके पर खेल प्रभारी डॉ. अशोक टेंभुरणे ने योग के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्रभारी प्राचार्य के एल हिवारे ने योग के प्रचार प्रसार पर अत्यधिक जोर दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति अध्यक्ष वेदप्रकाश कटरे, एनएसएस प्रभारी रोहित पांडे, डॉ. अलका हिरकने, डॉ. उमेश सिंह कुशवाहा, कमल सिंह मर्सकोले, अमर सिंह गोंड, विक्रांत रंधावा, शिखा डहरवाल, पल्लवी, वृंदा डहरवाल, सुनील देवारे, प्रियंका बाविसतले एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# नवेगांव (ख) आश्रम परिसर में बैठक सम्पन्न, हुआ विचार-विमर्श

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।



खैरलांजी तहसील मुख्यालय से करीब तीन किलोमीटर दूर श्री गुरूदेव धाम मानव कल्याण सेवा आश्रम नवेगांव ख में बुधवार को समिती के पदाधिकारीयो के द्वारा बैठक आयोजित कर संपन्न की गई जिसमे आगामी कार्यक्रम को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान बैठक में आगामी दिवस में आश्रम परिसर में कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर चर्चा परिचर्चा कर रूप रेखा तैयार की गई। समिति के पदाधिकारी ने बताया की आगामी दिवस में गुरू पूर्णिमा के पावन अवसर पर आश्रम परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया जाना है जिस को लेकर बैठक में विचार-विमर्श कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। इस दौरान बैठक में मधुकर पटले अध्यक्ष, बालाजी राहंगडाले सचिव, डीएल पटले कोषाध्यक्ष, तिजुलाल पटले ,भजनलाल ठाकुर, कविंद्र ठाकुर अन्य समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

Approved by AICTE, New Delhi, Affiliated to RGPV Bhopal & DTE MP
सतपुड़ा इंजीनियरिंग कॉलेज
प्रवेश प्रारंभ
B.Tech. 4 Year Degree Course JEE / 12th (PCM) Pass & Polytechnic 3 Year Degree Course 10th (PCM) Pass
कम्प्यूटर साइंस | माईनिंग | सिविल | इलेक्ट्रिकल | मैकेनिकल
सतपुड़ा कैम्पस, लालबर्रा रोड, मांझापुर बालाघाट (म.प्र.) 9425836824, 6262604111 Web : www.satpudaengineeringcollege.com

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSIONS OPEN 2025-26
AGRICULTURE • B.Sc. (Hons.)Ag. • B.Tech (Agril) Engg. • M.Sc. (Ag.) ABM
PARAMEDICAL BPT I BMLT BHN I DMLT I DXRT D.Pharmacy (ayur.)
COMPUTER SCIENCE & APPLICATION BCA I MCA B.SC. I M.SC. DCA I PGDCA
COMMERCE •B.Com •M.Com
NURSING GNM I B.Sc.Nurs.
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111